हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 3 अगस्त 2025

9 स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन



10 लुहारहेड़ी में 2 महीने पहले बनी सड़क टूटी



## खबर संक्षेप

### कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम 5 को

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में मंगलवार 5 अगस्त को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नवप्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आचारसंहिता, उपलब्ध संसाधनों एवं सहशैक्षणिक अवसरों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### करंट की चपेट में आने से गोवंश की मौत

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 पुलिस चौकी के पास करंट लगने से एक सांड की मौत हो गई। तिरंगा लाइट के पोल के कारण यह हादसा हुआ। इस पोल से करंट के चलते पिछले साल भी एक गोवंश की मौत हो गई थी। साल भर में दूसरा हादसा होने से जीव प्रेमियों ने दुख जताया है। जीव प्रेमियों का कहना है कि शहर में खंभों में करंट के चलते कई बार हादसे हो चुके हैं। कई गोवंशों की जान जा चुकी है। शनिवार की सुबह जिस पोल से हादसा हुआ, उसके नजदीक एक पार्क भी है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग टहलने व बच्चों को घुमाने आते हैं। गनीमत रही कि कोई बच्चा या आम नागरिक चपेट में नहीं आया। समय रहते पोल की सप्लाई रोक दी गई, अन्यथा और जीव भी चपेट में आ सकते थे। शहर में लगे बिजली पोल की नियमित जांच होनी चाहिए। जहां भी करंट आने की शिकायत हो, वहां तुरंत सुधार कार्य करवाया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

### वैश्य कॉलेज में हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

**बहादुरगढ़।** शनिवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नवसत्र के प्रारंभ में छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं से पूरी इच्छा शक्ति व ध्यान केंद्रित कर पढ़ने का आह्वान किया। वाईआरसी प्रभारी डॉ शालू शर्मा ने एनईपी के अंतर्गत मल्टीडिसिपलिनरी कोर्स, स्किल एनहांसमेंट कोर्स, एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स और वैल्यू एडिड कोर्स आदि के बारे में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। साथ ही छात्राओं को यूथ रैडक्रॉस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने छात्राओं को मेजर व माइनर कोर्स के महत्व व क्रेडिट्स के बारे में जानकारी दी। छात्राओं को एनएसएस से जुड़कर समाज सेवा में सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. मंजीत, सुजाता वर्मा व डॉ. भारती मिश्रा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

# केसीबी ड्रेन उफान पर, रातभर जागकर पटरियों की निगरानी कर रहे किसान

## गुरुग्राम माइनर का पानी ड्रेन में छोड़ने के चलते हालात बिगड़े, टूटने का खतरा

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

केसीबी ड्रेन का जलस्तर इन दिनों लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुग्राम माइनर का अतिरिक्त पानी ड्रेन में छोड़े जाने से स्थिति गंभीर हुई है। इस कारण बुपनिया, गंगड़वा, जगरतपुर, लुकसर सहित आसपास के गांवों के किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों को डर है कि यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो ड्रेन कभी भी टूट सकती है, जिससे हजारों एकड़ फसल पानी में नष्ट हो जाएगी।

### लुकसर के पास रिसाव, संभाला

फिलहाल रातभर जागकर किसान ड्रेन की पटरियों और अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं ताकि कोई दरार या रिसाव समय रहते पकड़ में आ सके। शुक्रवार की देर रात को ही लुकसर के पास ड्रेन से पानी का रिसाव शुरू होकर खेतों की ओर जाने लगा। समय रहते किसानों की नजर पड़ी तो उसे संभाल लिया गया। प्रवीण गिल, राजेश, ललित, राज सिंह, मोटा, जमित, बादल, जसबीर, सुमित आदि किसानों ने संबंधित विभाग से गुहार लगाई है कि ड्रेन में माइनर का पानी तत्काल रोका जाए, ताकि संभावित आपदा से बचा जा सके। किसानों ने याद दिलाया कि वर्ष 2022 में भी ड्रेन टूटने से इन गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे और कई गांवों की भारी मात्रा में फसल नष्ट हो गई थी।




**बहादुरगढ़।** रातभर जाग कर ड्रेन की निगरानी करते किसान व श्रमिक।

### सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल पर खतरा

इस बार जलस्तर 2022 से केवल कुछ इंच ही कम है। सैकड़ों एकड़ फसल खतरे के साये में है। यदि अब भी संबंधित विभाग ने लापरवाही बरती तो हालात बेकाबू हो सकते हैं। तुरंत प्रभाव से गुरुग्राम माइनर का पानी ड्रेन में डालना बंद कर ड्रेन के कमजोर हिस्सों को मजबूत किया जाए। समय रहते उचित कदम उठाकर ही संभावित तबाही को टाला जा सकता है। वहीं, शनिवार को अधिकारियों ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के जेई सचिन ने कहा कि शुक्रवार से हम ड्रेन की निगरानी कर रहे हैं। माइनर का पानी ड्रेन में डालने से रुकवा दिया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। अपनी तरफ से तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निगरानी के लिए बेलदार छोड़ दिया है। ड्रेन की सफाई भी कराई जाएगी।

## जलभराव से छुड़ानी में खराब हो रही फसलें

**बहादुरगढ़।** छुड़ानी गांव के खेतों का डहरी इलाका एक बार फिर जलभराव की चपेट में है। सैकड़ों एकड़ धान की फसल पानी में डूब गई है। किसानों ने केसीबी ड्रेन की सही तरीके से सफाई नहीं होने की शिकायत करते हुए कहा कि जलनिकासी के लिए लगाए गए पंप भी पर्याप्त अनुचित तरीके से बंद किए जाने से जलभराव की स्थिति विकट हो रही है। बता दें कि पहले मातन लिंक ड्रेन को बीच खेतों में खुला छोड़ रखा था। जिस कारण हर साल यहां फसल जलमग्न होकर खराब हो जाती थी। लेकिन कुछ साल पहले मातन लिंक ड्रेन को केसीबी ड्रेन से कनेक्ट कर दिया गया है। इसके अलावा करोड़ों रुपए खर्च करके गांव में पानी निकासी के लिए पंपिग स्टेशन बनाया गया। साथ ही 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए कनेक्शन भी लिया गया। बड़ी मोटरें और भारी भरकम जरनेटर भी लगाए। लेकिन किसानों के अनुसार केसीबी के खतरनाक स्तर का हवाला देकर अधिकारी मोटरों को बंद करवा देते हैं। जिस कारण छुड़ानी के खेत तालाब का रूप ले चुके हैं। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की सिविल डिविजन ने भी केसीबी ड्रेन की सही से सफाई नही करवाई और ना ही किनारों को मजबूत किया। सरपंच विनोद सहवाग समेत पीड़ित किसानों ने बताया कि अधिकारियों की बेरुखी के कारण खेतों में खड़ी फसल डूब रही है। उन्होंने सिंचाई विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच करवाने के साथ ही जलनिकासी करवाने की मांग की है।



■ ड्रेन की सफाई पर किसानों ने उठाए सवाल, निकासी के इंतजाम भी नाकाफी

### चार मोटर लगाकर पानी निकाला जा रहा : एसडीओ

एसडीओ धीरज ने बताया कि मातन लिंक ड्रेन के दोनों तरफ खेतों से पानी निकासी के लिए लगाई गई चारों मोटरों को चला दिया गया है और ये मोटरें 24 घंटे चलती रहेंगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

■ उम्र लगभग 25 साल, नहीं हो पाई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सांखोल गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहाचन के प्रयास शुरू कर दिए हैं। दरअसल, शनिवार की सुबह जब रेलवे ट्रैक की निगरानी की जा रही थी तो इस दौरान शव दिखाई दिया। कीमैन ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी से एएसआई राकेश टीम सहित मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इस दौरान सामने आया कि युवक ट्रेन की चपेट में आया हुआ था और उसकी सांस थम चुकी थी। आनन फानन में अस्पताल लेकर गए तो डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। एएसआई राकेश ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। उसके कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला है। शव को पहचान के लिए बहादुरगढ़ के सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवाया गया है।

### पुलिस ने गलियों में भटक रहे मासूमों को परिजनों से मिलवाया

**बहादुरगढ़।** बीते दो दिनों में स्थानीय पुलिस ने गलियों में भटकते करीब तीन और चार वर्षीय दो बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया। बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों ने भी राहत की सांस ली और पुलिस का धन्यवाद किया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को अलग-अलग स्थानों से तीन और चार साल के दो बच्चे पुलिस को मिले। दरअसल, ये बच्चे अकेले और डरे-सहमे हालत में घूम रहे थे। राहगीरों ने जब बच्चों को देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एमआईई चौकी प्रभारी मोनिका अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और बच्चों को संभाला। उन्हें चौकी में लाया गया। चूंकि बच्चे अपना नाम-पता या परिजनों की जानकारी देने में असमर्थ थे, इसलिए पुलिस ने पहले उन्हें खाना खिलाया और उनकी देखभाल की। इसके बाद बच्चों को परिजनों से मिलवाने के प्रयास शुरू किए गए। इस बीच, अपने लापता बच्चों को खोजते हुए परिजन भी पुलिस चौकी पहुंचे।

## आर्कषक राखियों से सजे बाजार



**झज्जर।** रक्षाबंधन पर्व में अब केवल एक सप्ताह शेष रह गया है। बाजार आर्कषक राखियों से सजकर तैयार है। बच्चों के लिए तरह-तरह राखियां भी उपलब्ध है। ...विस्तृत पेज 9 पर

### पीड़ित ज्वेलर्स से मिले इनेलो नेता, लूटपाट पर चिंता जताई

**बहादुरगढ़।** इनेलो नेता भूपेंद्र राठी ने शनिवार को लूट की वारदात के पीड़ित ज्वेलर्स से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि शहर में व्यापारियों के साथ लूट व छीनाझपटी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। शहर थाने से कुछ ही दूरी पर एक शॉप पर चाकू की नोक पर लूट का प्रयास करना चिंतनीय है। उनके साथ रामनिवास सैनी, रोहतास सोनी, महेंद्र सिंह राठी, राज सिंह वर्मा, पार्षद बिजेंद्र दलाल, नरेंद्र राठी, भारत नागपाल, सूरजमल दलाल व हरीश प्रधान आदि ने कानून व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई।

## कमर्शियल बिजली बिल पर फिक्स चार्ज को लेकर व्यापारियों में रोष

**झज्जर।** बिजली निगम द्वारा कमर्शियल बिजली बिलों पर फिक्स चार्ज लगाए जाने पर शहर के व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि वे ईमानदारी के साथ समय पर बिजली बिलों का भुगतान करते हैं। ऐसे में इस प्रकार के अनावश्यक टैक्स लगाकर दुकानदारों के साथ ज्यादती की जा रही है। व्यापार मंडल के शहरी प्रधान राकेश अरोड़ा ने कहा कि बाजार के व्यापारी इस प्रकार का अतिरिक्त टैक्स भरने में असमर्थ हैं। व्यापारियों की मांग है कि दुकानदारों पर डाले गए इस अनावश्यक बोझ को हटाया जाए। उन्होंने बताया कि सोमवार को इस संबंध में शहर के व्यापारी एकत्रित होकर लघु सचिवालय पहुंचेंगे। वे फिक्स चार्ज हटाए जाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा व ऊर्जा मंत्री अनिल विज को ज्ञापन भी भेजेंगे। उन्होंने फिक्स चार्ज पर नाराजगी जताई।

### सट्टा खाईवाली करता गिरफ्तार, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** थाना सेक्टर-6 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर निवार की पट्टी से सट्टा खाईवाली करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद आरिफ निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 2230 रुपये नकद और सट्टा पर्ची बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## आरटीआई से खुलासा : शहरी विकास मंत्रालय के पास मेट्रो के रोहतक की तरफ विस्तार का प्रस्ताव नहीं

**बहादुरगढ़।** मेट्रो के बहादुरगढ़ बाईपास, जाखोदा या उससे आगे बढ़ने की उम्मीदों को फिलहाल झटका लगा है। बहादुरगढ़ से रोहतक-सांपला की तरफ मेट्रो विस्तार का कोई प्रस्ताव भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय के पास वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। यह खुलासा एक्टीविस्ट सतपाल हाड़ा द्वारा जन सूचना अधिकार कानून-2005 के तहत किए गए आवेदन के जवाब से हुआ है। सतपाल हाड़ा ने 6 मई 2025 को भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से 7 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। दिल्ली मेट्रो का विस्तार होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से जाखोदा व रोहतक की तरफ करने तथा इसके लिए प्रस्ताव रखने वाले विधायक व सांसद का नाम बताने और इस कार्य पर आने वाली लागत की जानकारी मांगी गई। जवाब आया कि ऐसा कोई प्रस्ताव आवास व शहरी मंत्रालय के पास विचाराधीन नहीं है। ऐसे में लागत और जनप्रतिनिधि का नाम भी मंत्रालय ने शून्य बताया है। सतपाल हाड़ा के अनुसार मेट्रो अपने प्रोजेक्ट का विस्तार दिल्ली के चारों तरफ कर रही है। गुरुग्राम, नोएडा व कुंडली की ओर दिल्ली मेट्रो का कार्य चल रहा है। लेकिन रोहतक की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि दिल्ली मेट्रो को बहादुरगढ़ के साथ ही झज्जर, रोहतक, जींद व भिवानी के यात्रियों को सुविधा हो रही है। सतपाल हाड़ा ने बताया कि वर्ष 2011 में यातायात मांग सर्वेक्षण के अनुसार 92 हजार 848 यात्रियों का मेट्रो में यात्रा करने का अनुमान लगाया गया था। यह संख्या अब लाखों को पार कर चुकी है। दैनिक रेलयात्रियों द्वारा इसे लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था। हरियाणा सरकार के योगदान व केंद्र सरकार के अंशदान के साथ करीब 1079 करोड़ की लागत से दिल्ली मेट्रो ने बहादुरगढ़ में प्रवेश किया था। पहले डेडलाइन एक अप्रैल 2016 थी, लेकिन मेट्रो 28 जून 2018 को बहादुरगढ़ आई। दिल्ली मेट्रो ट्रेन की बदौलत बहादुरगढ़, झज्जर व रोहतक के लाखों लोगों को सुविधा हुई है।

### विस्तार होना चाहिए : हाड़ा



सतपाल हाड़ा का कहना है कि समय की मांग के अनुसार अब बहादुरगढ़ मेट्रो का विस्तार सांपला-रोहतक तक होना चाहिए। इससे सड़कों पर वाहनों का भार कम होगा और आम लोगों को सुविधा मिलेगी। दैनिक रेल यात्री हस्ताक्षर अभियान चलाकर शहरी विकास मंत्रालय को रोहतक तक मेट्रो के विस्तार के लिए ज्ञापन भेजेंगे।

# सेक्टरों समेत नई रेजिडेंसीज में सबसे ज्यादा कलेक्टर रेट बढ़ा

## ग्रामीण इलाके में 10 से 25 प्रतिशत बढ़ोतरी, शहर से सटे गांवों में 15 से 25 फीसद, शहरी क्षेत्र में 5 से 25% रेट बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बीते कुछ समय से रोटी और कपड़े के साथ ही मकान भी लगातार महंगे होते जा रहे हैं। पहले दिसंबर-2024 में कलेक्टर रेट बढ़े, फिर एक अप्रैल 2025 को कलेक्टर रेट बढ़ाए गए थे और अब एक अगस्त 2025 से पुनः कलेक्टर रेट बढ़ा दिए गए हैं।

### मध्यम वर्गीय परिवारों पर संकट

लगातार कलेक्टर रेट बढ़ने के कारण मध्यम वर्गीय परिवार के लिए आशियाने का सपना साकार होना कठिन होता जा रहा है। बता दें कि शहरी क्षेत्र में कमर्शियल जमीन का कलेक्टर रेट 5 से 25 प्रतिशत और गैर कमर्शियल जमीन के कलेक्टर रेट 10 से 25 फीसद बढ़ाए गए हैं। गांवों में कमर्शियल जमीन का कलेक्टर रेट 25 प्रतिशत और नॉन कमर्शियल जमीन का कलेक्टर रेट 15 फीसद बढ़ाया गया है। खेती की जमीन की बात करें तो आसौदा सिवान में 40 प्रतिशत के अलावा तहसील के अन्य गांवों में 10 से 25 प्रतिशत कलेक्टर रेट बढ़े हैं। राजस्व विभाग द्वारा शहरी इलाके में सबसे ज्यादा 20 से 25 प्रतिशत बढ़ोतरी एचएल सिटी, रॉयल ग्रीन, जीनेक्स, माइक्रोटेक, फोर्टेशिया, एमी ग्रीन व हशविप्रा के सेक्टरों में दर्ज हुई। एचएल सिटी में प्लॉट का रेट 39 हजार रुपए तय हुआ है।

### शहरी क्षेत्रों में अब ये होगा रेट



शास्त्री नगर, जौहरी नगर, वत्स कॉलोनी, नेताजी नगर, विकास एन्कलेव, बलजीत नगर, बहरानिया बस्ती, विकास नगर, सूरत नगर, छोटूराम नगर, माया विहार, नरसिंह नगर, सुभाष नगर व कमल विहार में रेट बढ़कर 11 हजार 600 रुपए हो गया है। अनाज मंडी, गांधी मार्केट, काठ मंडी, रेलवे रोड, इंद्रा मार्केट व अग्रवाल कॉलोनी में 26 हजार 400 रुपए रेट हो गए। नेहरू पार्क, गुरु नानक कॉलोनी, टीचर कॉलोनी व संत कॉलोनी के रेट बढ़कर 21 हजार 500 रुपए होंगे। मॉडल टाउन में 22 हजार, जटवाड़ा मौहल्ला, महाबीर मंदिर गली, बॉम्बे वाली गली, उत्तम कॉलोनी, कश्मीरी कॉलोनी, जटिया मौहल्ला व झील मौहल्ला में 16 हजार रेट होगा। मेन बाजार, धर्मपुरा, दयानंद नगर, दलबीर नगर, शास्त्री नगर व सैनीपुरा में रेट बढ़कर 19 हजार 800 होंगे। शक्ति नगर, छोटूराम पार्क, किला मौहल्ला, प्रीतम कॉलोनी, बसंत विहार, रणजीत कॉलोनी आदि में 13 हजार 200 रुपए रेट होंगे। मामन विहार, पटेल नगर, सैनिक नगर आदि में 14 हजार रुपए रेट तय हुए हैं। बैंक कॉलोनी, प्रीत कॉलोनी, भगत सिंह कॉलोनी, आनंद नगर, 14 हजार 900 और कुबेर कॉलोनी व दुर्गा कॉलोनी में 12 हजार 600 रुपए रेट तय हुआ है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-2, 6, 7, 9, 9ए, 11 व 13 में रिहायशी प्लॉट के लिए कलेक्टर रेट 10 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं।

### गांवों में

### गांवों में अलग अलग बढ़े रेट

गांवों की बात करें गांव भापड़ोदा, आसंडा, दहकौरा, लोहारहेड़ी, आसौदा टोडरान, लडरावन, परनाला, हसनपुर, बहादुरगढ़, सांखोल, जाखौदा, सराय औरंगाबाद, खेड़का मुसलमान, नूना माजरा, मेहंदीपुर, मांडोठी, साधपुर, जसौर खेड़ी व निलोठी में 10 प्रतिशत, अगरपुर, छारा, रेवाड़ी खेड़ा, मातन, माजरा आसंडा, रोहद, कुलासी, खैरपुर, मुकंदपुर, बामड़ोली, बराही, लोवा खुर्द, सिलोठी, सोलधा, छुड़ानी, खेड़ी जसौर, दुल्हेड़ा व डाबोदा खुर्द में 15 प्रतिशत, गांव कसार, खरहर, कानौंदा, टांडाहेड़ी, खरमाण, बरकताबाद, बालौर व डाबोदा कलां में 20 प्रतिशत, लोवा कलां, इस्सरहेड़ी व सिद्धीपुर में 25 प्रतिशत और सबसे अधिक आसौदा सिवान में 40 प्रतिशत कलेक्टर रेट बढ़ाए गए हैं।


GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
JHAJJAR (DELHI-NCR)

NAAC A GRADE

NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION · ACCREDITED BY
B.TECH ME, ECE and MBA



Industry Oriented Curriculum

Degree Conferred by MDU, Rohtak

RANKED #19 In North India | RANKED #39 Pvt. Institutes in India | RANKED #41 Across India | RANKED #62 Placement Across India

Times Engineering Institute Ranking Survey-2025

ADMISSIONS OPEN 2025-26

Applications are invited on prescribed performa from eligible candidates for filling up the Vacant/Leftover Seats/ Tuition Fee Waiver/Economical Weaker Section of B.Tech 1st year courses and B.Tech 2nd year (LEET) courses as per HSTES 2025-26 guidelines and reservation policy. Application performa can be downloaded from the Institute website or can be taken from the admission office. The duly filled Application performa along with necessary documents must be submitted in the Institute admission office.

| Particulars | 1st Counselling | 2nd Counselling |
|---|---|---|
| Last Date of Receipt of Applications | 04/08/2025 | 12/08/2025 |
| Physical Reporting and Submission of Fee | 05/08/2025 | 13/08/2025 |
| Daily Basis On-Spot Physical Counselling on first come-first serve basis | ------------------ | 13/08/2025 onwards upto Cutoff date |

B.TECH | B.TECH (LEET)
CSE, CSE (DS), CSE (AI & ML), FIRE TECH. & SAFETY, ELECTRICAL MECHANICAL, ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL

COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS IN FLEXIBLE TIMINGS
B.TECH (FIRE TECH. & SAFETY) | B.TECH (CSE) | M.TECH (CSE) | MBA

8684000891 / 892 / 893 / 906 / 9654292946 | www.gangainstitute.com

## खबर संक्षेप

### श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 30 हजार करने की मांग

**बहादुरगढ़।** हरियाणा में श्रमिकों का न्यूनतम वेतन पुनः निर्धारण करने की प्रक्रिया में एआईयूटीयूसी ने श्रमायुक्त हरियाणा को ई-मेल कर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें प्रदेश में श्रमिकों का न्यूनतम कम से कम 30 हजार रुपये मासिक करने की मांग की गई है। एआईयूटीयूसी के सतीश कुमार ने बताया कि श्रम विभाग हरियाणा ने श्रमिकों का न्यूनतम वेतन पिछले 10 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रिवाइज करने की प्रक्रिया शुरू की है। जबकि कानूनन प्रत्येक 5 वर्ष में यह पुनः निर्धारित हो जाना चाहिए। इससे श्रमिकों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। न्यूनतम वेतन रिवाइज कमेटी द्वारा गत 18 जुलाई को गुरुग्राम में बुलाई गई मीटिंग में संगठन ने अपने सुझाव रखे थे। उसी कड़ी में प्रदेश सचिव हरिप्रकाश ने लिखित प्रतिवेदन पेश किया गया है।

### बच्चों के लिए कार्टून व लाइटिंग वाली राखियां भी उपलब्ध

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर आकर्षक राखियों से सजे बाजार

■ स्टोर पर दस रुपये से लेकर 150 रुपये तक की राखियां उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। राखी पर इस्तेमाल होने वाला थाली सेट व बच्चों की कार्टून वाली राखियां।

रक्षाबंधन पर्व में अब केवल एक सप्ताह शेष रह गया है। बाजार आकर्षक राखियों से सजकर तैयार है। बच्चों के लिए कार्टून व लाइटिंग वाली राखियां भी उपलब्ध है। दुकानदार मोहित गर्ग ने बताया कि उनके स्टोर पर दस रुपये से लेकर 150 रुपये तक की राखियां उपलब्ध हैं, जो विभिन्न डिजाइनों और प्रकारों में मौजूद हैं। उनका मानना है कि जैसे-जैसे रक्षा बंधन का दिन नजदीक आएगा, बिक्री में बढ़ोतरी होगी। राखी विक्रेता अमित, अशोक कुमार, बारिश कुमार और यतिन ने बताया कि इस साल के राखी सीजन में कुछ खास प्रकार की राखियां लोगों द्वारा पसंद की जा रही हैं। इनमें लेडीज लुंबी, भैया-भाभी की पेयर राखी, बच्चों के लिए छोटा भीम, डोरीमोल, मोटू-पतलू और लाइटिंग वाली राखियां शामिल हैं। इसके अलावा पुरुषों के लिए ब्रेसलेट वाली राखियां भी काफी आकर्षक लग रही हैं। बाजार में राखियों के प्रकार और कीमतों का विविधता से भरा होना, उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रहा है। बच्चों के लिए कार्टून व लाइटिंग वाली राखियां अबकी बार बच्चों के लिए विभिन्न कार्टून से संबंधित लाइटिंग वाली राखियां आकर्षण का केंद्र बनी है। इनमें जहां नौनिहालों के लिए रबड़ वाली राखियां शामिल हैं वहीं छोटा भीम, मोटू-पतलू, डोरीमोल, बाल गणेशा आदि राखियों को अभिभावकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। शनिवार को भी बाजार में राखी खरीदने वाले ग्राहकों की भीड़ रही। महिलाएं अपने भाईयों के लिए राखियां खरीदती नजर आई।

### भैया-भाभी के लिए पेयर राखी

बाजार में स्टोन व ब्रसलेट वाली राखियों के अलावा भैया-भाभी के लिए एक पेयर राखी सेट भी उपलब्ध है। इस राखी सेट में जहां एक राखी को महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है वहीं दूसरी राखी पुरूषों के हाथों पर खूब जमेगी। ग्राहकों द्वारा इस प्रकार की राखियों को भी पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा आजकल एक सौ से डेढ़ सौ रुपये की कीमत तक के थाली सेट भी बाजार में उपलब्ध है जिनमें रोली व चावल डालने के लिए अलग से डिबिया भी बनाई गई हैं।

### स्कूलों में राखी का महत्व समझाया



**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के नई बस्ती सेवा केंद्र की ओर से विवेक विद्या सदन स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व आध्यात्मिक वातावरण में हर्षोल्लास से मनाया गया। बीके अमृता दीदी ने छात्रों को रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य से अवगत कराया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को राखी बांधी और ईश्वरीय प्रेम से युक्त प्रभु प्रसाद भी वितरित किया।


बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं संग पीएम मोदी का कार्यक्रम देखते राम अहलावत।

### किश्त जारी होने पर पीएम का जताया आभार

**बहादुरगढ़।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त जारी कर दी गई है। इस बार 20 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि देशभर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में सीधे ट्रांसफर की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने किसानों से इस आर्थिक सहायता का सदुपयोग करने की अपील की और कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित में लगातार योजनाएं ला रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का भी आभार व्यक्त किया।

### परीक्षा में अव्वल रहने वाली विजेता छात्राएं की गई पुरस्कृत

**बहादुरगढ़।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सर्व शिक्षा अभियान के तहत कंप्यूटर ज्ञान पर आधारित एक प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में अव्वल रहने वाली पांच-पांच छात्राओं को राजबीर दहिया द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय में एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल प्रवीण ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभाएं पहचानने और तराशने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सर्व शिक्षा अभियान की संस्थापक निशा राठी व सदस्य पवन छिल्लर तथा स्कूल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ दिलाते रेलवे अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### रेलवे स्टेशन पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** भारत सरकार के रेलवे विभाग द्वारा इंडिपेंडेंस डे सेलिब्रेशन के अंतर्गत 15 दिन तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शहर के रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में आमजन को जागरूक किया गया। रेलवे के सीनियर डीईआरएसओ आत्मजीत सिंह और डिप्टी सीओएम कोचिंग महेश यादव के साथ रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर स्वच्छता को लेकर शपथ ली।

## न्यूज डायरी

### गोशालाओं में सेवा कर इनसो मनाएगी स्थापना दिवस


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जेजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** इनसो अपना स्थापना दिवस गोशालाओं में गऊओं की सेवा में कर मनाएगी। जेजेपी कार्यकर्ता जिले की गोशालाओं में जाकर गऊओं की सेवा करेंगे और जनहित के लिए पार्टी को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेंगे। यह बात जेजेपी के जिला प्रभारी कर्नल एसएस राठी ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के रूबरू होकर कही। उन्होंने कहा कि जेजेपी का हमेशा ही संकल्प सेवाभाव का रहा है। पार्टी चाहे सत्ता में हो या फिर सत्ता से बाहर जेजेपी का प्रयास रहता है कि जनहित के मुद्दों पर काम हो और वह योजनाएं आगे बढ़ाई जाए। जिससे आम आदमी का भला होता हो। उन्होंने कहा कि इनसो का स्थापना दिवस पांच अगस्त को मनाया जाएगा। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़, जिलाध्यक्ष संजय दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कादियान, जिला प्रवक्ता विकास पाराशर, नसीब भारतीय, झज्जर हलकाध्यक्ष मिंटू ठेकेदार, बादली हलकाध्यक्ष धर्मेंद्र गूलिया, बहादुरगढ़ हलकाध्यक्ष संदीप अहलावत, बहादुरगढ़ हलका प्रभारी राजू दलाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### मैथ ओलंपियाड में इंडो अमेरिकन के विद्यार्थियों ने जीते मेडल


झज्जर। अध्यापिकाओं के साथ मंच पर उपस्थित ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित मैथ ओलंपियाड में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनके संस्थान के छात्र यक्ष ने गोल्ड मेडल के साथ प्रोत्साहन राशि पुरस्कार भी प्राप्त किया। छात्र ऋषभ और आयुष ने सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस के साथ-साथ गिफ्ट वाउचर प्राप्त किए। इनके अलावा अक्षिता, नारायण, परी, निलांशी, दक्ष, साक्षी, हुनर और राघव ने मैथ ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने स्कूल स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए ओलंपियाड के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### पुलिस की टीमें नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही


झज्जर। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

**झज्जर।** जिला पुलिस की विभिन्न टीमें डोर टू डोर जाकर आमजन को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को उप निरीक्षक बिरेंद्र कुमार की टीम ने गांव ढाकला ग्रामीणों ने नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा एक अभिशाप है। हमें इससे बचना चाहिए और अगर हमारे आसपास में कोई नशा करता है तो हमें उसको समझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के आदी व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें, पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों का नागरिक अस्पताल में उपचार करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि नशा छोड़ने से बहुत से अपराध कम होते हैं और अपराध कम होने से समाज में शांति और भाईचारा बनता है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा


झज्जर। शिक्षिका के साथ उपस्थित थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता की छात्राएं।

**झज्जर।** संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में शनिवार को फ्रेंडशिप डे के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने कार्ड मेकिंग, हैंड बैड मेकिंग, कैंडल्स और दीया एंव थाली डेकोरेशन जैसी गतिविधियों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्या श्वेता कौशिक ने कहा कि अच्छे मित्र अनमोल रत्न के समान होते हैं। दोस्तों की संगत व्यक्ति के भविष्य को प्रभावित करती है। अच्छी सोच व आदतों वाले दोस्त व्यक्ति के व्यक्तित्व व जिंदगी को संवारने में सहायक होते हैं। वे जीवन की हर परिस्थिति में साथ देते हैं। उन्होंने बताया कि बगैर दोस्तों के जीवन नीरस रहता है। सच्ची मित्रता औषधि के समान होती है, जो पीड़ा और कष्ट को दूर करके हमारे जीवन को खुशियों से भर देती है। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

# आमजन के लिए वरदान साबित हो रही आयुष्मान भारत योजना : सीएमओ

■ योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों का उपचार पूरी तरह नि:शुल्क किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। घुटना प्रत्योरोपण के बाद रतिदास का हाल पूछते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला।

स्थानीय नागरिक अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शनिवार को मेवात निवासी एक बुजुर्ग के दाहिने पैर का घुटना प्रत्यारोपण कर सफलतापूर्वक किया गया। सफल ऑपरेशन के बाद सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने अस्पताल पहुंच कर मेवात के जौरासी गांव निवासी करीब 64 वर्षीय रतिदास पुत्र बेगूराम का हाल-चाल पूछा। आमजन को दिए संदेश में उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों का उपचार भी पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल में अधिकारियों और चिकित्सकों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए कि आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर और सुचारू रूप से पहुंचे। इस मौके पर उप सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी, मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉक्टर नरेश दहिया, सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अजय सिंगला, उप अधीक्षक डॉक्टर यशपाल, डॉक्टर सुरेंद्र दहिया, डॉक्टर आकृति हुड्डा, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर मीनू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### फिक्स्ड चार्ज बढ़ाने के विरुद्ध दायर करेंगे याचिका

**बहादुरगढ़।** शनिवार को कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल हरियाणा इंडस्ट्रियल एसोसिएशंस (चिया) की ऐडहॉक कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक गणपति धाम स्थित कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान बिजली दर में फिक्स्ड चार्जेस व यूनिट रेट की अत्यधिक वृद्धि पर चर्चा हुई। बैठक में चिया के संयोजक अशोक कोहली, कर्नल राज सिंगला, कुंडली से सुभाष गुप्ता, गुरुग्राम से दीपक मैनी, राई से राकेश छाबड़ा, सोहना से आरपी खताना, विनोद गुप्ता, अश्वनी कुमार, राकेश बाटला, सचिन छोकरा, कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, विपिन बजाज, प्रदीप कौल, सुरेंद्र वशिष्ठ, अशोक कुमार मित्तल, पुरुषोत्तम गोयल, तिलक राज गर्ग व सुनील गर्ग आदि ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यूएचबीवीएनएल द्वारा बिजली दरों और फिक्स्ड चार्ज में की गई अनुचित वृद्धि के खिलाफ एक संयुक्त याचिका दायर की जाएगी। यह याचिका अगले सप्ताह तक दायर करा दी जाएगी। उद्यमियों के अनुसार फिक्स्ड चार्ज बढ़ाने की बजाय प्रति यूनिट दर में 10 से 20 पैसे की सीमित वृद्धि की जाए। या फिर न्यूनतम चार्ज सिस्टम (एमएमसी) को पुनः लागू किया जाए।


बहादुरगढ़। विद्यार्थी को बैज लगाते एसीपी दिनेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

### स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**बहादुरगढ़।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के प्रांगण में शनिवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल ललिता व मुख्य अतिथि एसीपी दिनेश सांगवान ने किया। इस दौरान इंस्पेक्टर सतीश कुमार व एसआई सत्यप्रकाश भी मौजूद रहे। नवगठित छात्र परिषद के हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय व डिप्टी हेड गर्ल को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानपूर्वक बैज प्रदान किए गए। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य प्रस्तुति और योगा आदि का प्रदर्शन किया गया।


झज्जर। कार्यशाला के दौरान उपस्थित युवा। फोटो :हरिभूमि

### युवाओं को दी डिजिटल भारत अभियान की जानकारी

**झज्जर।** इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके-इंडिया द्वारा शनिवार को डिजिटल भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर की एक निजी कंप्यूटर अकादमी में आयोजित इस कार्यशाला में करीब 80 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित अधिवक्ता दीपक खत्री ने कहा कि यह अभियान भारत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यशाला के दौरान संस्था प्रतिनिधि पूनम देशवाल, अकादमी निदेशक नरेंद्र व मनोज कुमार ने डिजिटल भारत अभियान की उपयोगिता, लाभ एवं भविष्य में युवाओं के लिए संभावित अवसरों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विकास धनखड़, पिंकी, सुनीता, अजय, जितेंद्र, खुशी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# कुष्ठ उन्मूलन अभियान चलाकर शहरी क्षेत्र में की जा रही लोगों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शहरी क्षेत्र में लोगों की कुष्ठ रोग की जांच करते हुए टीम सदस्य।

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में कुष्ठ रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 14 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जिले के स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर -घर जाकर कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग की जा रही है। सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 118 सर्वे टीमों का गठन किया गया है, प्रत्येक टीम में एक आशा वर्कर्स और एक पुरुष वॉलंटियर को शामिल किया गया है। ये टीमें जिले की लगभग सवा दो लाख शहरी आबादी की जांच करेंगी। अभियान की गुणवत्ता और सुचारू संचालन के लिए 23 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। सीएमओ द्वारा सभी टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक घर में जाकर बारीकी से जांच करें, ताकि संभावित कुष्ठ रोगियों की समय रहते पहचान की जा सके। उप सिविल सर्जन डॉ. निधि ने बताया कि कुष्ठ रोग एक सामान्य संक्रामक रोग है, जो किसी को छूने, साथ बैठने या खाने से नहीं फैलता। यदि शरीर पर लाल चकत्ते, गांठें, नसों में झनझनाहट या त्वचा में सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो व्यक्ति को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

### बाबा कांशी गिरी महाराज मंदिर परिसर में चल रही शिव पुराण कथा

# शांत रहना भगवान महादेव की सबसे बड़ी पूजा : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हर समस्या का समाधान शांत मन से होता है। गुस्से को त्यागना सबसे बड़ी साधना है। मन को नियंत्रण कर लो, जीवन सुधर जाएगा। यह बात बाब कांशी गिरी महाराज मंदिर परिसर में चल रही शिव पुराण कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने प्रवचन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीव मात्र को पावन करने वाली शिव कथा हैं। थोड़ी सी भक्ति करने से प्रसन्न होने वाले महादेव है। महादेव की कथा शांति देने वाली हैं। शांत रहना महादेव की सबसे बड़ी पूजा है। महादेव ने पार्वती से कहा जो मौन रहता हैं मुझें अधिक प्रिय है। इस दौरान संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, आशा ग्रोवर, संतोष हंस, किरण अरोड़ा, शशी खत्री, उषा काठपालिया, इंदू भूगड़ा ने भोले मेरी नैया को भव पार लगा देना..उमा गुलाटी, आशा ग्रोवर ने मेरे भोले बाबा आओ मेरे मकान में..सुषमा गोसाई, उषा काठपालिया, संतोष हंस ने जरा चल के वृंदावन देखो श्याम झूला झुलाते मिलेंगे..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर नारायणी सरदाना, आंचल सेठी, कमल लता शर्मा, हर्ष चावला, संतोष अरोड़ा, इंदू शर्मा, किरण अरोड़ा, उमा गुलाटी, सृष्टि रंजन, यशिका रंजन सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### इस्कॉन मंदिर में संपन्न हुई तीन दिवसीय कथा

**बहादुरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का तीसरे दिन शनिवार को समापन हो गया। कथा व्यास रुक्मिणी कृष्ण प्रभुजी ने श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्तियोग के गूढ़ रहस्यों को



सरलता से समझाया। रविवार 3 अगस्त को मंदिर परिसर में नौका विहार कार्यक्रम होगा। लाइनपार स्थित इस्कॉन मंदिर में कथा व्यास रुक्मिणी कृष्ण प्रभुजी ने कहा कि बद्ध जीव अपने पिछले पापों के परिणामों के कारण पाप कर्मों में अधिक लिप्त हो जाता है। परम भगवान श्री कृष्ण के अभिन्न अंग के रूप में अपनी स्वाभाविक स्थिति को अधिकाधिक भूल जाता है। अपने आध्यात्मिक स्वरूप को भूल जाने के कारण वह स्वयं को अस्थायी भौतिक शरीर तथा उसकी सामग्री के साथ पहचान लेता है। इस प्रकार प्रेमपूर्वक कृष्ण की सेवा करने की बजाय वह भगवान की सीमित सांसारिक शक्ति, माया की सेवा करने के लिए बाध्य होता है। जीव कभी भी अस्तित्व की किसी भी अवस्था में चाहे वह बद्ध हो या मुक्त, स्वतंत्र नहीं होता। लेकिन जब वह माया के वश में होता है तो कष्ट भोगता है। जब वह कृष्ण के वश में होता है, तो वह भगवान तथा उनके भक्तों की संगति में जीवन का आनंद लेता है। कथा के दौरान सुंदर गिरधारी प्रभु, मनोहरमुरारी प्रभु, मधुशंका प्रभु, राजेंद्र प्रभु और योगेंद्र पांडे प्रभु आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, मनबीर पुत्र मेहर सिंह, निवासी गांव बिरधाना तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अरमान मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी ना होगी।

## खबर संक्षेप

### छुड़ानी के राजकीय स्कूल में लगा शिविर

**बहादुरगढ़।** योग- प्रायाणाम और देशभक्ति से बच्चों को प्रेरित करने के लिए छुड़ानी गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में योगाचार्य जगदीश सहवाग द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य विरेन्द्र सिंह ने की। आचार्य जगदीश ने कहा कि हम सभी के मन में देशभक्ति का भाव सर्वोपरी होना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच विनोद सहवाग, रविंद्र, प्रवीण कुमार, विपिन, विनोद कुमार शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

### शहर में नालों की सफाई का लिया जायजा

**बहादुरगढ़।** नप चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी ने शहर में नाला सफाई के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने झज्जर रोड, रोहतक रोड, बराही रोड, सेक्टर-6, सेक्टर-7 और नजफगढ़ रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नाला सफाई कार्य की प्रगति जांची। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को देखते हुए नालों की सफाई करवाई जा रही है।

### बंगलौर के लिए रवाना हुई वाटरपोलो टीम

**बहादुरगढ़।** हरियाणा की टीम 41वीं सब जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बंगलौर रवाना हो गई। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि बंगलौर के बासावनगुड़ी एक्वेटिक सेंटर में 4 और 5 अगस्त होने वाली प्रतियोगिता के लिए 4 लड़के और 7 लड़कियों का चयन हुआ था। दो लड़कियों का चयन रिले टीम में हुआ है। इनमें आसवी शर्मा, एषणा चौहान, सेजल अनेजा, प्रतीक्षा व्यास, अलायका ठाकरान, इराज सहरावत, आरेज आशिफ, धवल ठाकुर, सेरेना सरोहा, इरा तनेजा, उज्वल यादव, वीरांगना और वाणी शामिल हैं।

### आर्य समाज का मासिक वैदिक यज्ञ-सत्संग आज

**झज्जर।** आर्य समाज द्वारा रविवार को मासिक वैदिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आर्य समाज के महामंत्री लाला प्रकाशवीर आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के पहले चरण में यज्ञ ब्रह्मा ब्रह्मचारी इंद्रजीत द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर यज्ञ कराया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे चरण में वैदिक सत्संग व प्रवचन होंगे, जिसमें नेहरू कॉलेज के रिटायर्ड प्रिंसिपल होशियार सिंह यादव मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे।

# जलभराव बना आफत, कॉलोनियों और सरकारी परिसरों में भरा पानी

## शहर की नीमआली कॉलोनी के हालात बद से बदतर, लोग घरों में दुबकने को मजबूर


लघुसचिवालय परिसर का पार्क


नीमआली कॉलोनी

■ लोगों को हो रही परेशानी, निकासी की कोई खास व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


नागरिक अस्पताल परिसर


कोर्ट परिसर में जाने वाला मार्ग

कई दिनों से हो रही बरसात के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हुआ जलभराव लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। स्थिति यह है कि मुख्य मार्गों, पार्कों, रिहायशी क्षेत्रों से लेकर सरकारी परिसरों में भी जलभराव हो रखा है। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो सके। शहर की नीमआली कॉलोनी के हालात बद से बदतर है। लोग अपने घरों में दूबकने को मजबूर है। लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण जहां मच्छर पनप रहे है, वहीं प्रतिदिन निकल रहे जहरीले जीवों का भी खतरा बन रहा है। नप प्रशासन द्वारा पानी निकासी के लिए पंपसेट तो लगाए गए है, लेकिन वे पंपसेट नाकाफी साबित हो रहे है। लघुसचिवायल परिसर, नागरिक अस्पताल सहित कई सरकारी संस्थान ऐसे है। जहां पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आगमन होता है। वहां पर भी पानी भरा हुआ है। जिसके कारण आमजन के अलावा स्टॉफ कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर जल निकासी के किए जा रहे दावों की भी पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है।


**बहादुरगढ़।** हवन के अंत में आरती करते पदाधिकारी, स्टॉफ व छात्राएं।

# वैश्य कॉलेज में यज्ञ से नए सत्र का शुभारंभ

■ पंडित जुगल किशोर शास्त्री ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय बहादुरगढ़ में 55वें नवसत्र का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के पदाधिकारियों और कॉलेज स्टॉफ ने वैदिक मंत्रों के साथ आहुति डालते हुए छात्राओं के सुखद भविष्य की कामना की। पंडित जुगल किशोर शास्त्री ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

### नया सीखने की जरूरत

कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने की। उनके अनुसार छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कॉलेज हर संभव सुविधाएं देने के लिए कृतसंकल्प है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि समाज व राष्ट्र की उन्नति का निर्धारण छात्राओं की शिक्षा तय करती है। स्वयं का मूल्यांकन कर नया सीखने की जरूरत है। छात्राएं पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों से भी जुड़ें। अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें। उपप्रधान प्रेमचंद बंसल ने कहा कि छात्राएं सुनहरे भविष्य के लिए कठोर परिश्रम करें। राजपाल शर्मा ने नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। मेहनत से ही सफलता मिलती है। सत्यनारायण अग्रवाल ने छात्राओं को लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। आईक्यूएसी प्रभारी सुजाता वर्मा ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कामना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मनीष जिंदल, आशीष कुमार, यशपाल गांधी, एमसी जोशी, एसके अग्रवाल, जयभगवान लोहिया, मदन कुमार, सुरेश अग्रवाल, गजानंद गर्ग, पवन कुमार व सुभाष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान

■ सड़क किनारे जमा मिट्टी, कचरे, घास, झाड़ियों और नालों के पास फैले मलबे को किया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** अभियान के तहत की जा रही साफ सफाई। फोटो : हरिभूमि

बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की आशंका को देखते हुए नगर परिषद की ओर से शहर में सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान झज्जर रोड, सेक्टर 9 सहित अन्य प्रमुख इलाकों में चलाया गया। शनिवार को सड़क किनारे जमा मिट्टी, कचरे, घास, झाड़ियों और नालों के पास फैले मलबे को जेसीबी मशीन की मदद से साफ किया गया। नगर परिषद के एसआई सुनील हुड्डा ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अभियान को गंभीरता से चलाया जा रहा है। आमजन भी साफ-सफाई को लेकर जागरूक रहें और प्लास्टिक, पॉलीथिन या बोतलें नालियों में न फेंके।

# लुहारहेड़ी में 2 महीने पहले बनी सड़क टूटी

## ठेकेदार और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

■ बनते ही सड़क टूटने से ग्रामीणों में रोष दोबारा बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



नायब राज में भ्रष्टाचार विकास पर भारी पड़ रहा है। गांव लुहार हेड़ी में बनाई गई सड़क दो महीने भी नहीं चली। बनते ही सड़क टूटने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने ठेकेदार के साथ ही संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बीजेपी नेता जसबीर सैनी बताया कि गांव लुहारहेड़ी में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क महज 2 महीने में ही टूट गई। सरपंच प्रतिनिधि अश्विन तहलान व बीजेपी नेता जसबीर सैनी ने कहा कि ऐसे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए। पूर्व प्रधान सुरेंद्र, सूबेदार महेंद्र सिंह, जगबीर ठोलेदार, देवा प्रधान, रौनक मलिक, सतपाल तहलान, जयप्रकाश नंबरदार, पूर्व पंच कर्मबीर, दिलबाग़, धर्म सिंह, सूबेदार हवा सिंह व जगदीश तहलान आदि ने दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कार्रवाई करने व सड़क नए सिरे से बनवाने की मांग की।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी



**झज्जर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त राष्ट्र के किसानों को समर्पित की गई। इस अवसर पर देशभर में आयोजित प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस-2025 कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले में भी विशेष आयोजन किए गए। कृषि विभाग के उप निदेशक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि जिले के विभिन्न खंडों में किसानों और कृषि उत्पाद विक्रेताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर लाइव प्रसारण को उत्सुकता से देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें तकनीक, नवाचार व जैविक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### बच्चों को सब्जियों के बीजों से युक्त पेंसिल और इको फ्रेंडली स्टेशनरी वितरित की



**बहादुरगढ़।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बालोर के सरकारी स्कूल में क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को जलवायु परिवर्तन, विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाले बदलावों के प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. अजय जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में बताया कि वर्षा ऋतु में असामान्य बारिश पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव डाल रही है। यह परिवर्तन केवल हमारे दैनिक जीवन को ही नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित करता है। छात्रों को इको-फ्रेंडली सामग्री यानी पर्यावरण अनुकूल नोटबुक, पैन और पेंसिल वितरित किए गए। इन विशेष पेंसिलों में विभिन्न सब्जियों के बीज भी लगे हुए थे, जिन्हें उपयोग के बाद मिट्टी में बोया जा सकता है और समय के साथ ये पौधों में परिवर्तित हो सकते हैं। यह पहल न केवल शैक्षणिक उपयोग की वस्तुओं को पर्यावरण के हित में बदलने की दिशा में एक प्रयास थी, बल्कि छात्रों को प्रकृति के साथ जुड़ाव का भी अनुभव कराया।

### डिपो धारकों को ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**झज्जर।** पुरानी तहसील परिसर स्थित सहायक खाद्य आपूर्ति विभाग कार्यालय में एएफएसओ अमरजीत सिंह ने स्थानीय डिपो धारकों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डिपो धारकों से कहा कि वे उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिन राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उनका आगामी माह का राशन वितरण रोका जा सकता है। उन्होंने डिपो धारकों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का कार्य सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर और सही रूप से मिल सके। बैठक में विभागीय निरीक्षक अजय राठी और रंजन यादव, उप निरीक्षक रितु रानी एवं अजय कुमार ने भी डिपो धारकों को संबोधित करते हुए ई-केवाईसी की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया सरकार की पारदर्शिता और लाभार्थियों के सत्यापन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डिपो धारक किरोड़ी, सुनील, राजबीर रोहिल्ला, नीटू वाल्मीकि, राकेश भदानी, संदीप सिलानी, दयानंद, बाबूलाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

■ यातायात नियमों का पालन, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

कासनी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि सरकार का यह संकल्प है कि प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंचे और उसकी समस्याओं को समझे। उन्होंने कहा कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिनका स्थानीय स्तर पर समाधान संभव होता है,ऐसे में ग्रामीण एकजुटता के साथ ग्रामीण विकास में सहभागी बने।

कार्यक्रम में कासनी के अलावा आसपास के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, बिजली, आंगनवाड़ी भवन, पशु चिकित्सा केंद्र की स्थिति आदि पर खुलकर चर्चा की। डीसी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया। वहीं डीसीपी जसलीन कौर ने ग्रामीणों को यातायात नियमों के पालन, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में बैठक आयोजित

# वाईआरसी की गतिविधियां बढ़ाने पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** चेयरपर्सन पाटिल का स्वागत करती प्रिंसिपल व अन्य।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियों को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में अहम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला रेडक्रॉस सोसायटी की चेयरपर्सन मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने की। महाविद्यालय के प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल व प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने चेयरपर्सन मोहिनी स्वप्निल पाटिल का स्वागत किया। साथ ही इसके उपरांत सभी कॉर्डिनेटर्स को पौधे, वॉलिंटियर्स और सपोर्टिंग स्टाफ को कंबल वितरित किए गए। बैठक के दौरान भविष्य में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर, सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व नशामुक्ति अभियान आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के यूथ रेडक्रॉस कॉर्डिनेटर और प्रिंसिपल उपस्थित रहे। साथ ही फर्स्ट एड इंस्ट्रक्टर कंचन कुमार, हेल्थ इंस्ट्रक्टर दीपक व अकाउंटेंट तरुण गर्ग ने भी शिरकत की। जिला रेडक्रॉस सचिव देवेंद्र चहल ने यूथ रेड क्रॉस की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं में सेवा और त्याग की भावना को जागृत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। चेयरपर्सन मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाजसेवा को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं। रक्तदान, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के दिन विशेष अभियान चलाएं। कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस की गतिविधियां समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट माध्यम हैं। रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। रेडक्रॉस की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियान समय की आवश्यकता है।

# प्रदेश के 27 तैराक अहमदाबाद गए, 80 इवेंट्स में भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



हरियाणा की टीम 51वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैम्पियनशिप के लिए अहमदाबाद पहुंच गई है। यहां 3 से 7 अगस्त तक स्पर्धाएं होंगी। हरियाणा की टीम को एचएल सिटी स्थित चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्टस कॉम्पलेक्स से टीम जर्सी और किट देकर रवाना किया गया। हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि हरियाणा की टीम में 17 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। ये कुल मिलाकर 80 इवेंट्स में भाग लेंगे। इस बार इलिशा सरोहा, अवनि सूरी, नियती जुल्का, इवा गुप्ता, रोहित लाठर, वीर दलाल, देवांश जुल्का, जयवर्धन राव, अनि सिंह, आदिश अहलावत, दिव्यांशु गुलिया, प्राप्ति घोष, जोया अग्रवाल, कियाशा नायर, साम्या शिंगारी, स्तुति चैटर्जी, अर्जुन सिंह, आयान खत्री, रिजुल भारद्वाज, दर्श सिंह, शोभित गिल, कृष जैन, इशांत, नितेश, विहान, आशिमा सिंह जूनियर नेशनल में भाग ले रहे हैं। इस मौके पर सुरेश जून, अनिल और कोच साई जाधव भी मौजूद रहे।

